# विदेशी मुद्रा गतिविधियां

**जनवरी 2011**

## रिपब्लिक ऑफ केन्या की सरकार को एक्जिम बैंक की 61.60 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ केन्या की सरकार के साथ बाद वाले अर्थात रिपब्लिक ऑफ केन्या में पॉवर ट्रांसमिशन लाइन्स के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं और परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 61.60 मिलियन अमरीकी डॉलर (इकसठ मिलियन छः सौ हजार अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 16 नवंबर 2010 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 14 दिसंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 16 नवंबर 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों ) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (15 नवंबर 2016) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी.
(डीआइआर सिरीज) परिपत्र सं.33]

## रिपब्लिक ऑफ कोटे डी आइवरी की सरकार को एक्जिम बैंक की 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ कोटे डी आइवरी की सरकार के साथ बाद वाले अर्थात रिपब्लिक ऑफ कोटे डी और माली के बीच ईलेक्ट्रीसिटी इंटरकनेक्शन परियोजना के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं और मशीनरी, उपकरण तथा परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 30 मिलियन अमरीकी डॉलर (तीस मिलियन अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 30 दिसंबर 2009 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 26 नवंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 30 दिसंबर 2009 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों ) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (29 दिसंबर 2015) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी.
(डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.34]

## किंग्डम ऑफ कंबोडिया की सरकार को एक्जिम बैंक की 15 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने किंग्डम ऑफ कंबोडिया की सरकार के साथ बाद वाले को अर्थात् किंग्डम ऑफ कंबोडिया में स्टंग टसल वॉटर डेवलपमेंट परियोजना पूर्ण करने हेतु वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं तथा मशीनरी, उपकरण और परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 15 मिलियन अमरीकी डॉलर (पंद्रह मिलियन अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 14 सितंबर 2010 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 14 दिसंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 14 सितंबर 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों ) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (13 सितंबर 2016) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी.
(डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.35]

## रिपब्लिक ऑफ कोटे डी आइवरी की सरकार को एक्जिम बैंक की 30 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ कोटे डी आइवरी की सरकार के साथ बाद वाले अर्थात रिपब्लिक ऑफ कोटे डी आइवरी में धान उत्पादन कार्यक्रम के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं तथा मशीनरी, उपकरण और परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 30 मिलियन अमरीकी डॉलर (तीस मिलियन अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 31 मार्च 2010 को एक करार किया है। ऋण

सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 26 नवंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 31 मार्च 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (30 मार्च 2016) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी. (डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.36]

## रिपब्लिक ऑफ सेनेगल की सरकार को एक्ज़िम बैंक की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ सेनेगल की सरकार के साथ बाद वाले अर्थात रिपब्लिक ऑफ सेनेगल में चार अस्पतालों को चिकित्सा उपकरणों, फर्नीचर तथा अन्य सहायक वस्तुओं की आपूर्ति के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं तथा मशीनरी, उपकरण और परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 5 मिलियन अमरीकी डॉलर (पाँच मिलियन अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 15 मार्च 2010 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 8 दिसंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 15 मार्च 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (14 मार्च 2016) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी. (डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.37]

## रिपब्लिक ऑफ मोजेम्बिक की सरकार को एक्ज़िम बैंक की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ मोजेम्बिक की सरकार के साथ बाद वाले अर्थात रिपब्लिक ऑफ मोजेम्बिक में काबो दलगाडो, मनिका तथा निसा प्रांतों के ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं तथा मशीनरी, उपकरण और परामर्शदात्री सेवाओं सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 25 मिलियन अमरीकी डॉलर (पचीस मिलियन अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 5 जुलाई 2010 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 13 दिसंबर 2010 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 5 जुलाई 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (4 जुलाई 2016) होगी।

[05 जनवरी 2011का ए.पी. (डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.38]

## फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ इथोपिया की सरकार को एक्ज़िम बैंक की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ इथोपिया की सरकार के साथ बाद वाले को अर्थात फेडरल डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ इथोपिया में चीनी उद्योग के विकास के लिए भारत से सुयोग्य वस्तुओं तथा मशीनरी और उपकरण सहित सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 213.31 मिलियन अमरीकी डॉलर (दो सौ तेरह मिलियन तीन सौ दस हजार अमरीकी डॉलर मात्र) की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 1 दिसंबर 2010 को एक करार किया है। ऋण सहायता के अंतर्गत यह ऋण करार 10 जनवरी 2011 को लागू हो गया है और इस करार के निष्पादन की तारीख 1 दिसंबर 2010 है। इस ऋण सहायता के तहत परियोजना निर्यात के मामले में साख पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तारीख संविदा (संविदाएं) पूर्ण होने की निर्धारित तारीख (तारीखों) से 48 माह और आपूर्ति संविदा के मामले में करार निष्पादन की तारीख से 72 माह (30 नवंबर 2016) होगी।

[21 जनवरी 2011का ए.पी. (डीआइआर सिरीज)परिपत्र सं.39]

## संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों (एफएफएमसी) तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II द्वारा करेंसी फ्यूचर्स तथा एक्स्चेंज ट्रेडेड करेंसी ऑपशन्स मार्केट में सहभागिता

सभी प्राधिकृत व्यक्तियों, जो संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II (एडी श्रेणी II) हैं, का ध्यान 06 अगस्त 2008 के ए.पी.(डीआइआर सिरीज) तथा 30 जुलाई 2010 के ए.पी. (डीआइआर सिरीज) परिपत्र सं.5 की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें मान्यताप्राप्त स्टॉक/न्यू एक्स्चेंजेस में करेंसी ऑपशन्स कांट्रेक्ट्स की ट्रेडिंग करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये हैं। अब यह निर्णय लिया गया है कि संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक

(एफएफएमसी) तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II [जो क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक(आरआरबी), स्थानीय क्षेत्र के बैंक(एलएबी), शहरी सहकारी बैंक(यूसीबी) और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (एनबीएफसी)नहीं हैं] जिनकी निवल मालियत 5 करोड़ रुपये हैं, वे अपने विदेशी मुद्रागत जोखिमों की हेजिंग के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में पदनामित करेंसी फ्यूचर्स और करेंसी ऑपशन्स में केवल ग्राहक के रूप में भाग ले सकते हैं।

संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी II जो क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक(आरआरबी), स्थानीय क्षेत्र के बैंक(एलएबी), शहरी सहकारी बैंक(यूसीबी) और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ हैं वे भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित विनियामक विभागों द्वारा इस संबंध में जारी अनुदेशों से मार्गदर्शन लें।

[25 जनवरी 2011का ए.पी.(डीआइआर सिरीज) परिपत्र सं.40
{ए.पी.(एफएल सिरीज)परिपत्र सं 10}]